- **CC7 : Management of Textile Crafts and Apparel Industry**

जनसमुदाय में मीडिया द्वारा फैशन प्रसार (Mass Media in Fashion)

आधुनिक युग में मीडिया फैशन को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मीडिया अपने कई रूपों में फैशन को लोगों के समक्ष प्रस्तुत कर लोगों में फैशन एक उत्साह के रूप में फैल रहा है।

आधुनिक युग में मीडिया निम्न रूपों में लोगों के मध्य राशन को बढ़ावा देकर फैशन के प्रति लोगों को जागरूक बना रहा है:-

1. **टेलीविजन:- टेलीविजन संचार का वह माध्यम है जो आज हर व्यक्ति के घर में मौजूद है और यही कारण है जिससे अधिकांश जनता दूरदर्शन के फैशन शो एवं विज्ञापन के माध्यम से फैशन के नित नए आयाम से परिचित हो रही हैं एवं नए फैशन को अपना रही है।**

2. **फैशन पत्रिकाएं:- फैशन पत्रिकाएं लोगों में फैशन संबंधी नित्य नई जानकारियां लोगों तक पहुंचा रही है एवं यह अद्यतन रूप से नए-नए एवं सही फैशन के संबंध में लोगों**

को जानकारी पहुंचा कर लोगों में फैशन के प्रति जागरूकता बढ़ा रही है।

3. पोस्टर्स:- आज वस्त्र निर्माता कंपनियां शहरों में नवीनतम परिधानों को एवं नए फैशन को लोगों के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए जगह-जगह पोस्टर्स के द्वारा प्रचारित करते हैं एवं लोगों को नए फैशन से परिचित करवाते हैं।

4. सेलेब्रिटीज:- आज नई फैशन डिजाइनर कंपनियां विभिन्न सेलेब्रिटीज जैसे फिल्म कलाकार, खेलकूद प्रसिद्ध व्यक्तियों के द्वारा अपने नए फैशन से युक्त परिधानों को परिचित करवाते हैं क्योंकि लोगों में अपने सेलेब्रिटीज इसको लेकर उत्साह रहता है इसलिए वह अपने सेलेब्रिटीज के द्वारा अपनाए गए फैशन को उत्साह पूर्वक धारण करते हैं।

5. विज्ञापन:- विज्ञापन वह माध्यम है जिसके द्वारा प्रसिद्ध वस्त्र निर्माता कंपनियां एवं फैशन डिज़ाइनर कंपनियां अपने वस्त्रों को तरह तरह के विज्ञापनों के द्वारा लोगों का अपने फैशन युक्त वस्तुओं के प्रति उत्साह बढ़ाती है।

6. इंटरनेट:- इंटरनेट आधुनिक युग में संचार का वह बेताज बादशाह है जो लोगों को विभिन्न रूपों में फैशन संबंधी जानकारियों से अवगत करवाता है। इंटरनेट गूगल यू- ट्यूब ट्विटर एवं फैशन साइट के द्वारा फैशन का प्रसार लोगों में जोर शोर से कर रहा है आधुनिक युग में अधिकांश जनता इंटरनेट के माध्यम से ही इंटरनेट के माध्यम से ही फैशन संबंधी जानकारियां प्राप्त कर रही हैं।

7. मोबाइल:- आधुनिक मोबाइल युग के द्वारा मोबाइल आज स्मार्टफोन के रूप में मौजूद है जिसमें इंटरनेट की सारी सुविधाएं हैं और इस प्रकार मोबाइल इंटरनेट के माध्यम से लोगों के मध्य फैशन का प्रचार कर रहा है।

8. मार्केट:- मार्केट आधुनिक सामाजिक जीवन में हर व्यक्ति के पहुंच के भीतर हैं एवं फैशन को प्रचारित एवं प्रसारित करने के लिए मार्केट से अच्छा एवं सस्ता कोई दूसरा साधन नहीं हो सकता। लोगों को किसी भी नए फैशन की जानकारी प्राप्त करने का सर्व प्रमुख एवं सर्वप्रथम साधन मार्केट है।